# प्रेस नोट
# थाना-फतेहगंज पश्चिमी
# दिनांक-17.09.2023

**थाना-फतेहगंज पश्चिमी, बरेली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 220/2023 धारा 302/201 भादवि से संबंधित अभियुक्त तोताराम पुत्र पूरनलाल को अपनी माँ (मृतका शान्ति देवी) की हत्या करने के अपराध में गिरफ्तार किया गया।**

दिनांक 10.08.2023 को थाना क्षेत्र के ग्राम पनवडिया के जंगल में अज्ञात महिला का शव मिलने तथा 13.08.2023 को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अज्ञात महिला की गला दबाकर हत्या किये जाने के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 220/2023 धारा 302/201 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। दिनांक 14.08.2023 को अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त तोताराम पुत्र पुरनलाल निवासी ग्राम बगरऊ की गौटिया थाना शाही बरेली द्वारा अपने परिवार के साथ की गयी एवं थाना पर सूचना दी गयी। विवेचना के दौरान तोताराम पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम मुबारकपुर उर्फ बगरऊ की गौटिया थाना शाही बरेली द्वारा अपने चाचा की जमीन अपने नाम कराने व अवैध संबंधों में बाधा बनी माँ को रास्ते से हटाने को लेकर खुद की माँ की हत्या करना पाये जाने पर नाम प्रकाश में आया। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद, बरेली द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मीरगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पश्चिमी द्वारा,पुलिस टीम के साथ **चैंकिग के दौरान ए.एन.ए कट मोड़ से समय 09.30 बजे अभियुक्त तोताराम पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम मुबारकपुर उर्फ बगरऊ की गौटिया थाना शाही बरेली संबंधित मु0अ0सं0 220/2023 धारा 302/201 भादवि को गिरफ्तार कर अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

तोताराम पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम मुबारकपुर उर्फ बगरऊ की गौटिया थाना शाही बरेली।

**अभियुक्त तोताराम उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 220/2023 धारा 302/201 भादवि थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री ललित मोहन थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
2. उ0नि0 श्री अरविन्द सिंह थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
3. उ0नि0 श्री ब्रहमपाल सिंह थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
4. का0 3870 निखिल निर्वाल थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
5. का0 3262 कपिल कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।